**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (07.02.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 07.02.2025, PAGE-06

**बीआरएबीयू | फरवरी में इंटर की परीक्षा के कारण कॉलेज व्यस्त, परीक्षा खत्म होने के बाद थर्ड सेमेस्टर का भरा जाएगा फार्म**

# विवि में परीक्षाओं की कतार, तारीख का इंतजार

**हि विशेष**

- स्नातक थर्ड सेमेस्टर से थर्ड पार्ट तक की होनी है परीक्षा
- किसी भी परीक्षा का अब तक जारी नहीं हुआ है शेड्यूल

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि में मार्च से मई तक चार लाख छात्र परीक्षा देंगे। इस दौरान यूजी से लेकर पीजी तक की परीक्षा होगी। हालांकि, अभी परीक्षाओं का शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान का कहना है कि फरवरी में इंटर की परीक्षा के कारण सभी कॉलेज व्यस्त हैं।

बोर्ड परीक्षाओं के बाद स्नातक थर्ड सेमेस्टर का फार्म भराने का काम शुरू किया जायेगा। पार्ट थ्री की परीक्षा का फार्म उसके बाद भराया जायेगा। जिन कॉलेजों में इंटर परीक्षा का केंद्र नहीं है, उन्हें यूजी थर्ड सेमेस्टर का इंटरनल लेने का निर्देश दिया गया है। बीआरएबीयू में पार्ट टू स्पेशल की भी परीक्षा होगी। इससे पहले पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा हुई थी। परीक्षा नियंत्रक ने



बताया कि जल्द ही इसकी तैयारी शुरू की जायेगी। बीते दिनों पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा में वर्ष 2019 से 2023 तक के छात्रों की परीक्षा हुई थी। परीक्षा में लगभग 25 हजार विद्यार्थी शामिल हुए थे। स्पेशल परीक्षा के अलावा पीजी सेकेंड सेमेस्टर और बीएड प्रथम वर्ष की भी परीक्षा होनी है। परीक्षा विभाग का कहना है कि जल्द ही इन परीक्षाओं का शेड्यूल जारी किया जायेगा।

### जल्द जारी होगा स्पेशल परीक्षा का रिजल्ट : परीक्षा नियंत्रक

परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान ने बताया कि पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा का भी रिजल्ट जल्द जारी किया जायेगा। कॉपियों के मूल्यांकन की प्रकिया अंतिम चरणों में हैं। कॉपियों की जांच पूरी होने के बाद रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 07.02.2025, PAGE-12

# पीजी में नामांकन के लिए मेधा सूची शीघ्र

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी कोर्स में नामांकन के लिए पहली मेधा सूची एक से दो दिनों में जारी होगी। पहली मेधा सूची में करीब साढ़े नौ हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे।

पीजी में नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पहली मेधा सूची लगभग तैयार हो गई है। प्रशासनिक अनुमति के बाद इसे जारी किया जाना है। इस आधार पर कालेजों और पीजी विभागों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी होगी। विश्वविद्यालय की कोशिश है कि इसी महीने से नामांकन के बाद पीजी की कक्षाएं शुरू करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी जाए। पहले ही पीजी का शैक्षणिक सत्र एक वर्ष से अधिक की



देरी से संचालित हो रहा है। पिछले वर्ष इसके पटरी पर लौटने की उम्मीद जगी थी, लेकिन अब भी इसमें कोई सुधार नहीं हो सका है। पीजी में नामांकन के लिए जारी होने वाली मेधा सूची में यह कोशिश होगी कि आवेदकों के संबंधित जिले वाले कालेजों में ही नामांकन का विकल्प मिलेगा। कक्षाओं में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के लिए ऐसा किया जाएगा। दूसरी ओर छात्राओं को पीजी विभागों में नामांकन में प्राथमिकता दी जाएगी।

### थर्ड सेमेस्टर के लिए करीब 1.10 लाख विद्यार्थी योग्य

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय मे स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए करीब 1.10 लाख से अधिक विद्यार्थी योग्य होंगे। यह संख्या आने वाले दिनों में बढ़ भी सकती है। कई छात्र-छात्राओं के रिजल्ट पेंडिग हैं। ऐसे मे परीक्षा फार्म भरने से पहले इसमें और भी वृद्धि हो सकती है। चार वर्षीय स्नातक के रेगुलेशन के अनुसार थर्ड सेमेस्टर मे जाने के लिए विद्यार्थी के पास 28 क्रेडिट होना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि इस महीने स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू होनी है। जल्द ही इसकी तिथि जारी होगी।

Ref:.................... Date:..........................

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 07.02.2025, PAGE-04

# पीजी कोर्स में नामांकन के लिए आज आयेगा कटऑफ

**मुजफ्फरपुर** .पीजी कोर्स में नामांकन को लेकर कटऑफ जारी होगा. इस आधार पर नामांकन के लिए पहली मेधा सूची जारी होगी. बताया जा रहा है कि करीब दस हजार से अधिक सीटों पर नामांकन के लिए पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी.

इस आधार पर अगले सप्ताह से कालेजों से लेकर पीजी विभागों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. पहली बार विवि की ओर से मेरिट लिस्ट जारी करने से पहले कटआफ जारी होगा. इसे विवि की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जायेगा. करीब 11 हजार से अधिक सीटों पर नामांकन के लिए मेरिट लिस्ट जारी की जानी है. शुक्रवार शाम तक छात्र-छात्राएं इसे विवि की वेबसाइट पर देख सकेंगे. डीएसडब्ल्यू डॉ आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि एक से दो दिन में मेरिट लिस्ट जारी होगा.

इसके बाद अगले सप्ताह से पीजी विभागों व कॉलेजों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी होगी. बता दें कि स्नातक अंकों के आधार पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विवि की ओर से कटऑफ का निर्धारण कर लिया गया है. इस पर विवि प्रशासन की मंजूरी मिल गयी है. पीजी नामांकन में पारदर्शिता बरतने के लिए विवि की ओर से यह व्यवस्था की जा रही है.